>

Title : Need to save the life of employees of Akashwani and Doordarshan.

श्री मोहन सिंह (देवरिया) : महोदय, आकाशवाणी और दूरदर्शन के हजारों कर्मचारी कई दिनों से हड़ताल पर हैं और उनमें से तीन व्यक्ति आमरण अनशन पर हैं।

उपाध्यक्ष महोदय ः जब आपकी स्पीच का टाइम आएगा, आप बोल लेना।

श्री मोहन सिंह : महोदय, उन तीनों व्यक्तियों की हालत बहुत खराब है। अगर माननीय मंत्री जी तत्कला हस्तक्षेप नहीं करेंगे तो उनकी मृत्यु हो सकती है क्योंकि उनका स्वास्थ्य बहुत ही खराब हो गया है। इसलिए इसको सबसे अधिक पब्लिक इंपोर्टेंस का विषय समझकर, इस डिबेट के कंक्लूड होने से पहले माननीय मंत्री जी बातचीत करें, संदेश भेजें। कम से उन तीन कर्मचारियों की जान बचाना आज सबसे बड़ी आवश्यकता है जो आमरण अनशन पर हैं। मंत्री जी इसमें कुछ पहल करें।

उपाध्यक्ष महोदय : श्री लक्ष्मण सिंह, श्री सुभाष महरिया, श्री रतिलाल कालीदास वर्मा, श्री सत्य नारायण जटिया और श्री अजय चक्रवर्ती ने स्वयं को मोहन सिंह जी की बात के साथ संबद्ध किया है।[r2]